बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-86**
09/03/2022

मुख्यमंत्री ने सड़क मार्ग से भ्रमण कर विभिन्न निर्माणाधीन पथ प्रोजेक्टों का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

पटना, 09 मार्च 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सड़क मार्ग से भ्रमण कर विभिन्न निर्माणाधीन पथ प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को मीठापुर गोलंबर पर अधिकारियों ने रेखाचित्र के माध्यम से मीठापुर–महुली एलिवेटेड पथ के निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलूओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मीठापुर–महुली निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने निर्देश दिया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री करबिगहिया गोलंबर से सिपारा होते हुए महुली पहुँच कर एन0एच0–83 (पटना–गया–डोभी सड़क) निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को रेखाचित्र के माध्यम से इस पथ के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गया ऐतिहासिक जगह है। गया और पुनपुन में बड़ी संख्या में लोग पिंडदान करने के लिये आते हैं। पटना–गया–डोभी मार्ग के बन जाने से पटना से गया आवागमन और आसान हो जायेगा। साथ ही पर्यटकों को भी काफी सहुलियत होगी तथा इस क्षेत्र का भी तेजी से विकास होगा। मुख्यमंत्री ने वहॉ रूककर स्थानीय लोगों से बातचीत कर वहॉ की समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने एन0एच0–83 का निरीक्षण करने के पश्चात् मसौढ़ी–पितमास–नौबतपुर मार्ग होते हुए दानापुर में दानापुर–बिहटा एलिवेटेड पथ के निर्माण कार्य के विभिन्न पहलूओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव सह बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न स्थलों पर जाकर सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हैं। इसी सिलसिले में आज भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। सड़क निर्माण कार्य में क्या दिक्कत आ रही है इसकी भी जानकारी ली है।

शराबबंदी का अध्ययन करने राजस्थान से आयी टीम के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान से टीम आयी हुई है। उन लोगों से कल मेरी मुलाकात हुई है। वे लोग बिहार में घूमकर पूर्ण शराबबंदी के सफल क्रियान्वयन का अध्ययन करना चाहते हैं। पहले भी कई राज्यों से टीम आकर बिहार की शराबबंदी का अध्ययन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दानापुर–बिहटा एलिवेटेड पथ के निर्माण को लेकर रेलवे से बात हो गयी है। यहां पर एलिवेटेड रोड बन जाने से लोगों को आने–जाने में और सहूलियत होगी।

******